| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 82,201.16 |
| निफ्टी | ~ | 25,145.10 |
| सोना | ~ | 72,760 |
| चांदी | ~ | 85,000 |
| डॉलर | ~ | 83.99 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शुक्रवार 06 सितम्बर 2024
भाद्रपद शुक्ल 03 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 345
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

# जेल में रखा जाना अपवाद

## -सीएम केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली शराब नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल की जमानत पर 10 सितंबर 2024 को फैसला आ सकता है।

केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि कथित शराब घोटाल में सीबीआई ने करीबी दो साल तक उन्होंने गिरफ्तार नहीं किया और जब ईडी की ओर से दर्ज धन शोधन मामले में जमानत मिली, तभी 26 जून को गिरफ्तार किया। उनके वकील अभिषेक सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि गिरफ्तारी से पहले सीबीआई ने उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया।



वकील सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट से जमानत का अनुरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल एक संवैधानिक पद के पदाधिकारी हैं और उनके भागने का कोई खतरा नहीं है। इस पर एसवी राजू ने कहा कि कानून में कोई भी खास आदमी नहीं होता, सब आम आदमी होते हैं।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, मुझे बताया गया है कि कोर्ट ने भी चार्जशीट का संज्ञान लिया है। इसका मतलब यह है कि प्रथम दृष्टया मामला बनता है। आज अगर माननीय जस्टिस केजरीवाल को जमानत दे देते हैं, तब यह हाईकोर्ट के लिए मनोबल गिराने वाली बात होगी।

एसवी राजू ने दलील दी कि मनीष सिसोदिया, बीआरएस नेता के. कविता ये लोग जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट गए थे, लेकिन केजरीवाल सांप-सीढ़ी के खेल की तरह शॉर्टकट अपना रहे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ के सामने एसवी राजू ने दलील देकर कहा, केजरीवाल को लगता है कि वे असाधारण व्यक्ति हैं, जिनके लिए अलग नियम कानून है। गिरफ्तारी पर सुनवाई को लिए सुप्रीम कोर्ट ही एक अदालत नहीं होनी चाहिए। दिल्ली के सीएम को ट्रायल कोर्ट जाना चाहिए।

## अग्निपथ योजना में बदलाव किया तो मकसद में नहीं होंगे कामयाब!

### -उच्चाधिकारी ने बदलाव से किया इनकार

नई दिल्ली। सरकारी कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन स्कीम का तोहफा देने के बाद मोदी सरकार अग्निपथ योजना में बड़ा बदलाव कर सकती है? ये सवाल आज हर किसी के मन में उठ रहा है। वहीं पिछले कुछ वक्त से अग्निपथ योजना को लेकर सियासी तापमान चढ़ा हुआ है। इस बीच अग्निपथ योजना को लेकर एक उच्च अधिकारी ने जानकारी साझा की है जिसमें कहा गया है कि अग्निपथ योजना में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है।

अधिकारियों के मुताबिक इस योजना में किसी तरह के बदलाव किए जाएंगे तब इसे लागू करने का मकसद कामयाब नहीं हो पाएगा। मीडिया रिपोर्ट में एक अधिकारी के हवाले से बताया है कि अगर अग्निपथ योजना में किसी तरह का बदलाव होता तो इससे भारत के सुरक्षा हितों को खतरा हो सकता है। हरियाणा, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और झारखंड विधानसभा चुनावों में अग्निपथ स्कीम चुनावी मुद्दा बन सकती है।

सेना का यह भर्ती मॉडल जब से लागू हुआ है तब से ही चर्चा बना हुआ है। इसके तहत युवाओं को कुछ सालों के लिए सेना में भर्ती किया जाता है। इस स्कीम को दो साल पहले सशस्त्र बलों को युवा और युद्ध के लिए तैयार रखने के मकसद से पेश किया गया था। रिपोर्ट में सरकार के एक उच्च अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह योजना चीन का मुकाबला करने की हमारी रणनीति के तहत है। सेना को विवादित सीमा के दुर्गम पहाड़ों में लड़ने के लिए युवाओं की जरूरत है।

अधिकारी ने 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प का उदाहरण देते हुए कहा कि इस घटना ने साबित कर दिया कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दुश्मन से लोहा लेने के लिए कितनी कठिनाई होती है। उस समय भारत और चीन के सैनिकों के बीच पत्थरों, डंडों और नुकीले तारों से लड़ाई हुई थी।

## खास खबर

### दिल्ली हाईकोर्ट ने विकिपीडिया को न्यायालय की अवमानना का नोटिस जारी किया

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मुफ्त ऑनलाइन विश्वकोश विकिपीडिया को न्यायालय की अवमानना का नोटिस जारी किया है। यह नोटिस एक समाचार एजेंसी की एंट्री में किए गए संपादन में जानकारी छिपाने के मामले में जारी किया गया है। कोर्ट ने विकिपीडिया को भारतीय कानूनों का पालन न करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि, यदि आपको भारत पसंद नहीं है, तो कृपया भारत में काम न करें।।। हम सरकार से आपकी साइट को ब्लॉक करने के लिए कहेंगे। हाईकोर्ट ने समाचार एजेंसी की ओर से दायर एक मामले की सुनवाई की। इसमें समाचार एजेंसी के बारे में जानकारी वाले पृष्ठ पर कुछ संपादन की इजाजत देने पर विकिपीडिया पर मानहानि का दावा किया गया है। कथित संपादन में समाचार एजेंसी को भारत सरकार का प्रोपेगंडा टूल कहा गया था। कोर्ट ने विकिपीडिया को संपादन करने वाले तीन खातों के बारे में ब्यौरा देने का आदेश दिया था, लेकिन समाचार एजेंसी ने दावा किया कि यह खुलासा नहीं किया गया।

### सेना का वाहन खाई में गिरा....चार जवानों की मौत

पेडोंग। सिक्किम के पाकयोंग में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया है, हादसे में भारतीय सेना के चार जवानों की मौत हो गई है। जवान पश्चिम बंगाल के पेडोंग से सिक्किम के जुलुक सिल्क रूट से पाकयोंग की ओर जा रहे थे तभी वाहन खाई में जा गिरा हादसे में वाहन में सवार चार जवानों की मौत हो गई है। सेना का वाहन सड़क से फिसलकर खाई में 700 से 800 फीट नीचे गिर गया। बताया जा रहा है कि हादसा दलोपचंद दारा के पास वर्टिकल वीर में हुआ है। यह सिल्क रूट के नाम से मशहूर रेनॉक रोंगली हाईवे के पास पड़ता है। वाहन के खाई में गिरने से हादसे में चार जवानों ने अपनी जान गंवा दी है।

### राजस्थान में 3 दिन भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने गुरुवार (5 सितंबर) को मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित 22 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में तीन दिन तक भारी बारिश का अलर्ट है। बुधवार (4 सितंबर) को राजस्थान के जोधपुर में सबसे ज्यादा 90.6 इंच बारिश दर्ज की गई। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक जाम लगा। हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण 119 सड़कें बंद हैं, इनमें 2 नेशनल हाईवे हैं। हरियाणा के पंचकुला में ईंट भट्टे की दीवार गिरने से 3 बच्चों की मौत हुई। मध्य प्रदेश में भी बारिश की जुड़ी घटनाओं में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई।

### पूजा खेडकर बोलीं- AIIMS में विकलांगता टेस्ट कराने को तैयार

नई दिल्ली। 28 अगस्त की सुनवाई में पूजा ने दिल्ली हाईकोर्ट से कहा कि UPSC के पास उनके खिलाफ कार्रवाई करने का कोई अधिकार नहीं है। 28 अगस्त की सुनवाई में पूजा ने दिल्ली हाईकोर्ट से कहा कि UPSC के पास उनके खिलाफ कार्रवाई करने का कोई अधिकार नहीं है। बर्खास्त ट्रेनी IAS पूजा खेडकर की अंतरिम जमानत याचिका पर आज (5 सितंबर) दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। पूजा ने कोर्ट से कहा कि वह अपनी विकलांगता की जांच AIIMS में कराने को तैयार हैं।

## राहुल गांधी का पीएम मोदी पर तंज...जो गलती करता है, वहीं माफी मांगता

सांगली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को महाराष्ट्र के सांगली में एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर महायुति को निशाने पर लिया। छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने से जुड़ी घटना पर महाराष्ट्र के सीएम से लेकर डिप्टी सीएम और पीएम मोदी तक ने माफी मांगी थी। वहीं अब राहुल गांधी ने कहा कि जो गलती करता है, वहीं माफी मांगता है।



राहुल गांधी ने शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने की घटना का जिक्र कर कहा कि मैंने अखबार में पढ़ा था कि पीएम मोदी ने कहा था कि मैं शिवाजी की मूर्ति के गिरने पर माफी मांगता हूं। राहुल ने कहा कि आखिर पीएम मोदी को माफी क्यों मांगनी पड़ी। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी के माफी मांगने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं। पहला कारण ये भी हो सकता है कि इसका ठेका संघ से एक व्यक्ति को दिया गया था। इस दौरान सांगली में कांग्रेस पार्टी के पूर्व दिग्गज नेता मंत्री पतंगराव कदम की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस लेकर राहुल गांधी ने कहा कि मैं आपको गारंटी देता हूं कि कदम जी की मूर्ति 50-70 साल बाद भी यहां रहेगी♀ शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित की गई थी लेकिन कुछ दिनों बाद ही मूर्ति गिर गई। यह शिवाजी महाराज का अपमान है। प्रधानमंत्री को न केवल शिवाजी महाराज से बल्कि महाराष्ट्र के हर व्यक्ति से माफी मांगनी चाहिए।

## तौकीर रजा की धमकी...वक्फ में दखल अंदाजी बर्दाश्त नहीं होगी

लखनऊ। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने कहा, वक्फ जमीन पर किसने कब्जा किया है, सरकार को ये बताना चाहिए। रजा ने कहा, हिंदुस्तान के सबसे अमीर आदमी ने वक्फ की संपत्ति पर कब्जा किया है। वक्फ की संपत्ति पर कई सरकारी बिल्डिंग बनी हुई हैं। ये जो बिल लाने की कोशिश हो रही है। हम बिल को जमीन के हिसाब से नहीं बल्कि शरीयत के हिसाब से देख रहे हैं। वक्फ में दखल अंदाजी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए हम किसी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारी अगली मीटिंग दिल्ली में होगी, लेकिन सरकार चाहे तब उन्हें गिरफ्तार कर सकती है।

## सीएम सरमा ने क्यों किया, मियां शब्द का प्रयोग...मछलीपालन से जुड़ा मामला

दिशपुर। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने चौंकाने वाला बयान देकर राज्य के नगांव और मोरीगांव में मछलीपालन करने वाले मुसलमानों की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि पिछले चार वर्षों में नगांव और मोरीगांव की मछली खाने वालों में गुर्दे की बीमारियां बढ़ी हैं। उन्होंने इन दो जिलों में मछलीपालन करने वालों पर विशेष अपशिष्ट और यूरिया के उपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर यूरिया से भरी हुई मछली जनता तक पहुँचा रहे हैं। जनता को सतर्क रहना चाहिए, सरकार भी कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मछली का उत्पादन बढ़ाने के लिए कई जैविक तरीके हैं। हालाँकि उन्होंने सीधे तौर पर किसी धर्म या जाति का



नाम नहीं लिया, लेकिन उनका बयान असम में मियां की ओर इशारा करता है।

बता दें कि मियां शब्द का प्रयोग अक्सर बांग्लादेशी मूल के अप्रवासी मुसलमानों को संदर्भित करने के लिए अपमानजनक रूप से होता है। यही लोग नागांव और मोरीगांव में मछली उद्योग पर हावी हैं। सीएम सरमा की टिप्पणी 22 अगस्त को नगांव में अल्पसंख्यक समुदाय के तीन युवकों द्वारा 10वीं कक्षा की एक छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद तनाव की पृष्ठभूमि में आई है।

असम के चार जिलों में जातीय समुदाय संगठनों द्वारा आप्रवासियों को बाहर जाने के लिए कहने के बाद दो जिलों में उत्पादकों ने मछली नाकाबंदी की घोषणा की, जिससे ऊपरी असम में आपूर्ति बंद हो गई। इस स्थिति पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने ऊपरी असम के लोगों से कहा है कि यह अच्छा है अगर वे (नागांव और मोरीगांव) मछली न भेजें। उन्होंने कहा कि इस अवसर का लाभ उठाएं और बाजार पर कब्जा करें, संघर्ष के माध्यम से नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त मछली का उत्पादन करके।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने क्यों दिया, पुरोहित पर केस दर्ज करने का आदेश



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 वर्ष की नाबालिग बालिका की शादी करवाने वाले पुरोहित और विवाह का प्रमाण पत्र जारी करने वाली संस्था आर्य सनातन धर्म सेवा समिति, आगरा के सचिव पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने फर्जी आयु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर शादी करने वाले याची श्रवण को गिरफ्तार करवा संबंधित थाना अध्यक्ष को सौंपने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने आदेश दिया कि इसकी भी जांच की जाए कि फर्जी आधार कार्ड कहां से बनवाया गया। साथ ही अदालत ने नाबालिग लड़की को बाल कल्याण समिति इटावा को सौंपने का निर्देश दिया है। 12 वर्षीय नाबालिग और उससे विवाह करने वाले युवक श्रवण की याचिका पर सुनवाई कर आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने दिया।

याचिका दाखिल कर कोर्ट से मांग की गई थी कि वे दोनों बालिग हैं और अपनी मर्जी से विवाह किया है, इसलिए उन्हें पुलिस से संरक्षण दिलाया जाए। आयु प्रमाण के तौर पर लड़की का आधार कार्ड प्रस्तुत कर बताया गया कि वह 21 वर्ष की है। वहीं लड़के की उम्र 29 वर्ष है। सरकारी अधिवक्ता ने प्रस्तुत आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पर संदेह जताकर कोर्ट से अनुरोध किया की प्रथम दृष्टया आधार कार्ड फर्जी प्रतीत होता है। इसलिए इसकी जांच कर ली जाए।

## महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा गिरने के मामले में मूर्तिकार गिरफ्तार

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा गिरने के मामले में पुलिस ने मूर्तिकार को गिरफ्तार कर लिया है। मूर्तिकार जयदीप आप्टे को पुलिस ने उसकी पत्नी की मदद से ही गिरफ्तार किया है। 26 अगस्त को उद्घाटन के कुछ महीनों बाद ही मूर्ति ढह गई थी। पुलिस ने आप्टे की तलाश के लिए 7 टीमें गठित की थीं। पुलिस का कहना है कि आप्टे ने पत्नी से संपर्क साधा था और कहा था कि वह घर लौट रहा है। इसके बाद पत्नी ने यह जानकारी पुलिस के साथ साझा कर दी। रिपोर्ट में पुलिस सूत्रों के हवाले से लिखा है कि आप्टे का परिवार चिंतित था और चाहता था कि वह वापस लौटकर जांच में सहयोग करे।

## किसानों को देगी मोदी सरकार सौगात...मिलेगा यूनिक किसान आईडी कार्ड

नई दिल्ली। केंद्र की मोदी सरकार ने देश के करोड़ों किसानों के लिए नई पहल शुरू की है। अब मोदी सरकार किसानों को यूनिक किसान आईडी कार्ड देने की तैयारी कर रही है। यह कार्ड आधार कार्ड जैसा ही होगा।

मोदी सरकार की पूरी कोशिश है कि अगले तीन साल तक सभी किसानों के पास यूनिक किसान आईडी कार्ड पहुंच जाए। वहीं, चालू वित्त वर्ष को लेकर केंद्र का लक्ष्य है कि 6 करोड़ किसानों के पास यूनिक किसान आईडी कार्ड पहुंच जाए। यह कार्ड राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा बनाया जाएगा। यह कार्ड के जरिये किसानों की मॉनिटरिंग करने में मदद करेगा।

यह कार्ड किसानों की मॉनिटरिंग के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इस कार्ड के द्वारा केंद्र सरकार को पता चल जाएगा किसान के पास कितनी जमीन, मवेशी है। इसके अलावा कार्ड के माध्यम से पता चल जाएगा कि किसान ने किस फसल की खेती की है। यह कार्ड देश के सभी किसानों को एक डिजिटल पहचान देने में मदद करेगा।

यह कार्ड सरकार के साथ किसानों के लिए भी काफी फायदेमंद साबित रहेगा। कार्ड के द्वारा किसान आसानी से फसल बीमा और फसल लोन जैसी सर्विस का लाभ उठा पाएंगे। यहां तक कि गांव की जमीन के नक्शे और बोई गई फसल की जानकारी भी मिलेगी।

## बाबा रामदेवरा में दर्शन करने उमड़ रही भक्तों की भीड़, सुरक्षा व्यवस्था सख्त

जोधपुर। प्रसिद्ध लोक देवता बाबा रामदेवरा का मसूरिया मेला शुरू हो गया है। बाबा के दर्शन के लिए बुधवार रात से ही भक्तों यहां आना शुरू हो गया। तड़के 4ः15 बजे भव्य मंगला आरती की गई। पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी जा रही है। भक्तों को असुविधा न हो इसके लिए मेला स्थल पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। वहीं ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने बताया अब तक करीब 25 से 30 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यहां से भक्त आगे रामदेवरा जा रहे हैं।

जोधपुर के एडिशनल एसपी निशांत भारद्वाज ने कहा कि बाबा रामदेवरा के मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ रही है।

## मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण मामले को लेकर कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदले जाने की अटकलें तेज

नई दिल्ली। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण मामले को लेकर कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बदले जाने की अटकलें तेज हो रही हैं। खबरें हैं कि इस मामले में कांग्रेस आलाकमान भी सक्रिय नजर आ रहा है। कहा जा रहा है कि राज्य के कुछ नेता कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम पर भी जोर दे रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान विवाद से बचने के लिए सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुनने की योजना बना रहा है। इधर, विपक्ष की तरफ से भी सीएम को बदले जाने का दबाव बनाया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी ने इस बात पर अब तक फैसला नहीं लिया है कि सिद्धारमैया की जगह कमान उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सौंपी जाए या किसी पिछड़े वर्ग के नेता को मौका दिया जाए।

रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धारमैया की जगह शिवकुमार का नाम आगे चल रहा है। इधर, आलाकमान पिछड़ा वर्ग को साधने के लिए पिछड़े वर्ग के ही उम्मीदवार को पद देने की संभावनाएं तलाश रहा है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पार्टी नेताओं का एक समूह खरगे के नाम को भी आगे बढ़ा रहा है। वहीं, एक समूह मंत्री सतीश जरकिहोली जैसे लोकप्रिय नेताओं के पीछे खड़ा नजर आ रहा है। फिलहाल, पार्टी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। खबर है कि रविवार को वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के लिए जरकिहोली नई दिल्ली पहुंचे थे। इसके साथ ही अटकलें तेज हो गई हैं कि पार्टी उन्हें मौका देने का मन बना रही है। कहा जा रहा है कि उनके पास 30 से ज्यादा विधायकों का समर्थन है, जिनमें 15 अनुसूचित जनजाति समुदाय से आते हैं।

## महाराष्ट्र में बैकफुट पर ठाकरे....सीएम चेहरे पर कांग्रेस और राकांपा की बात मानी

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी हलचल जबरदस्त तरीके से तेज हैं। हालांकि, महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के मुख्यमंत्री पद के दावेदार को लेकर खींचतान जारी है, लेकिन एमवीए का दावा है कि तीनों दल भाजपा और शिंदे गुट को हराने के लिए मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में जीत का दावा किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पद को लेकर उन्होंने कहा कि बातचीत बाद में हो सकती है।

राउत ने कहा कि हम सभी का पहला मकसद भ्रष्ट महायुति के नेतृत्व वाली सरकार को हटाना है। उन्होंने कहा कि पवार साहब 100 प्रतिशत सही हैं। यह तीन दलों की सरकार है, लेकिन महाराष्ट्र में एमवीए को बहुमत मिल रहा है। हमारा पहला काम मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकना है। बाद में किसी भी समय सीएम पद के बारे में बात कर सकते हैं। उनकी टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि उनकी पार्टी ने इस बात पर अपना रुख नरम कर लिया है कि राज्य में अगली सरकार का नेतृत्व कौन करेगा। पिछले महीने, उद्धव ठाकरे ने सहयोगी दलों- कांग्रेस और राकांपा (सपा) से मुख्यमंत्री पद का चेहरा तय करने के लिए कहा था, और राज्य में शीर्ष पद के लिए उम्मीदवार को अपना समर्थन देने की कसम खाई थी। छत्रपति संभाजीनगर में मौजूद सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि सीएम पद को लेकर एमवीए सहयोगियों के बीच कोई झगड़ा नहीं है। इसके पहले कोल्हापुर में पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री कौन होगा इसका फैसला चुनाव नतीजे आने के बाद किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एमवीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला इस आधार पर किया जाएगा कि कौन सी पार्टी सबसे अधिक विधानसभा सीटें जीतती है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नवंबर में होने की संभावना है।

## सुप्रीम कोर्ट ने एक अधिकारी की नियुक्ति में विशेष रूचि दिखाने के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पर सवाल खड़े किए

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक अधिकारी की नियुक्ति में विशेष रूचि दिखाने के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर सवाल खड़े किए हैं.

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकारों के प्रमुखों से 'पुराने दिनों के बादशाह होने की अपेक्षा नहीं की जा सकती और हम सामंती युग में नहीं हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने उत्तराखंड के वन मंत्री और अन्य की राय की अनदेखी करते हुए एक आईएफएस अधिकारी को 'राजाजी टाइगर रिजर्व' का निदेशक नियुक्त करने को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर भी सवाल खड़े किए।



न्यायालय ने कहा कि प्रथम अधिकारी की ओर से एक विशेष नोटिंग की गई थी कि राहुल को राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक के रूप में नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए और इसे उप सचिव, प्रमुख सचिव और राज्य के वन मंत्री ने भी मंजूरी दी थी। पीठ ने कहा, 'इस देश में सार्वजनिक विश्वास जैसा कुछ सिद्धांत मौजूद है। कार्यपालिका के प्रमुखों से पुराने दिनों के बादशाह होने की अपेक्षा नहीं की जा सकती कि उन्होंने जो भी कहा है, वही करेंगे। न्यायालय ने यह भी कहा, 'हम सामंती युग में नहीं हैं।

पीठ ने पूछा, 'मुख्यमंत्री को उनसे (अधिकारी से) विशेष स्नेह क्यों होना चाहिए? शीर्ष अदालत ने यह भी कहा, 'सिर्फ इसलिए कि वह मुख्यमंत्री हैं, क्या वह कुछ भी कर सकते हैं? इसने यह भी कहा कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही लंबित है। 'नोटिंग' में की गई इस टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए कि अधिकारी को राजाजी टाइगर रिजर्व में नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए, न्यायालय ने कहा कि मुख्यमंत्री बस इसे अनदेखा कर रहे हैं।

# तहसील कार्यालय का विधायक ने किया औचक निरीक्षण

## जनता को परेशान करने वाले अधिकारी कर्मचारी अपनी हद में रहे-विवेक पटेल





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। तहसील कार्यलय वारासिवनी में भर्राशाही तानाशाही और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो को बेवजह परेशान करने की मिल रही लगातार शिकायत के बाद विधायक विवेक पटेल ने बुधवार को वारासिवनी तहसील कार्यलय का औचक निरिक्षण किया। तहसील कार्यलय पहुंचते ही विधायक विवेक पटेल ने वहाँ काम करवाने आये लोगो से पहले चर्चा की। जिसके बाद कार्य कर रहें विभागीय अधिकारियों से काम में हो रही परेशानियों के बारे में पूछताछ की। जिसके बाद वे एसडीएम राजीव रंजन पांडे के कक्ष में पहुँचे और उनसे विभिन्न विषयो पर चर्चा की। जिसके बाद उन्होने कर्मचारियों को बुलवाकर जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि मुझे लगातर ग्रामीणों के द्वारा शिकायते मिल रही है कि आपके कार्यालय में नागरिकों की कोई सुनवाई नही हो रही है। जनता का कोई भी काम बिना चढ़ावे के नही हो रहा है ,मुझे अब इस प्रकार की कोई शिकायत नही मिलनी चाहिये। ये बात आप अच्छी तरह से समझ लीजिए और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी समझा दीजिए। यदि आगे ऐसी शिकायत मिली तो फिर आप लोग समझ लीजिए मैं लोंगो को तकलीफ पँहुचाने वाले किसी भी कर्मचारियों को बख्शूंगा। यदि आप लोंगो के पास कार्य करवाने पहुंचे लोंगो के प्रति व्यवहार को नही सुधरा तो फिर आप लोग मेरी विधानसभा से कहीं और तबादला करवा लें। क्योंकि दुबारा यदि शिकायत मिली तो फिर आप समझ जाइए। विधायक विवेक पटेल के साथ एसडीएम कार्यालय पहुँचे ग्रामीण क्षेत्रो के किसानो ने विधायक पटेल को बताया कि जब भी किसी काम के लिए बाबू नंदकिशोर लिल्हारे के पास जाओ तो वे बिना रूपये लिए किसी का काम नही करते है। जिसके बाद बाबू नंदकिशोर लिल्हारे को एसडीएम राजीव रंजन पांडे ने उन्हें अपने कक्ष में विधायक विवेक पटेल के सामने बुलवाकर उन्हें पहले तो जमकर फटकार लगाई और आगामी समय में ऐसी किसी भी प्रकार की शिकायते मिलने पर अंतिम वार्निंग देते हुए आगामी कार्यवाही करने की बात कहीं।

### क्षेत्र में शासकीय भूमि पर किये अतिक्रमण को हटाने के दिए निर्देश

विधायक विवेक पटेल ने एसडीएम राजीव रंजन पांडे को बताया कि हमारे क्षेत्र में लगातार कुछ दबँगो के द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा हैं। ग्रामीणों के द्वारा लगातार शिकायते करने के बाद भी शासन के द्वारा कोई कार्यवाही नही हो रही हैं। शासन जल्द ही ऐसे बेवजह अतिक्रमण कर रहें दबँगो पर तत्काल कार्यवाही कर दबँगो से शासकीय भूमि को मुक्त करवायें। विधायक विवेक पटेल ने कहा कि मैं भी नगर पालिका का पांच वर्ष अध्यक्ष रहा हूँ। मेरे कार्यकाल में कभी किसी को कोई परेशानी नही हुई थीं। मगर मुझे पिछले कुछ दिनों से वारासिवनी तहसील कार्यलय से अधिकारी कर्मचारियों की लगातार शिकायत मिल रही थीं। मैने अधिकारियो से कह दिया हैं कि आप जनता की पूरी ईमानदारी से सेवा करे या मेरा क्षेत्र छोड़ दे। ईमानदारी से काम करने वाले ही मेरे विधानसभा क्षेत्र में नौकरी करे मुझे जनता ने सेवा करने के लिए चुना है। मैं अपने क्षेत्र के लोंगो के विश्वास को आप जैसे लोंगो की वजह से खंडित नही होने दूँगा ये मेरे क्षेत्र के सभी अधिकारी कर्मचारी अच्छे से समझ लें।

# शिक्षक ही हमें मार्गदर्शन देते है-विवेक पटेल

## शिक्षक दिवस पर तिलक वंदन कर शिक्षकों का किया सम्मान

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शिक्षक समाज का दर्पण होता है शिक्षकों का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व होता है। गुरु से हमें माता पिता के बाद शिक्षा ग्रहण करने की दिशा में संस्कारवान शिक्षा के साथ साथ उच्च शिक्षा भी प्राप्त होती है। विधायक विवेक पटेल ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की जयंती पर आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक और सभी शिक्षको के द्वारा माँ सरस्वती व सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के छायाचित्र



पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद विधायक विवेक पटेल ने शिक्षकों का तिलक वंदन कर साल श्रीफल से सम्मान किया। नगर के गुरुनानक धर्मशाला में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में ११० सेवानिवृत शिक्षक शामिल हुए। जिसके बाद सभी शिक्षकों का बारी बारी से तिलक वंदन कर साल श्रीफल से सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। सेवानिवृत शिक्षक वाय एस पवार ने कहा कि जैसे आप बोएंगे वैसा ही फल पायेंगे हमारे देश को अच्छे नागरिकों की जरूरत हैं। शिक्षक ही ऐसा एक ऐसा गुरु हैं जो बच्चों को शिक्षा देने में कभी कमी नही करता हैं। वो सेवा के समय भी शिक्षा देता हैं और सेवा समाप्ति के बाद भी शिक्षा देता हैं। जब भी मेरी जरूरत पड़े मैं हमेशा शिक्षा के क्षेत्र के साथ साथ अन्य कार्यक्रमों में भी सहयोग करता हूँ और हमेशा करता रहूंगा। विधायक विवेक पटेल ने कहा कि शिक्षक ही हमारे गुरु हैं जो हमें मार्गदर्शन दिखाते हैं। अगर हमारे जीवन में गुरुओ का महत्व नही होता तो हमें ज्ञान प्राप्त नही होता। बिना गुरु के शिक्षा ग्रहण नही किया जा सकता जब मैं नगर पालिका अध्यक्ष बना था तो मैंने सबसे पहले गुरुओं का सम्मान घर घर जाकर किया था। आज मुझे उन्ही का आशीर्वाद मिला जो मैं इस मुकाम तक पहुँचा। आज मैं विधायक बना हूँ तो मेरे सिर पर शिक्षकों का हाथ हैं। श्री पटेल ने कहा कि बहुत से शिक्षक अपने कार्य के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित रहता है। उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान वही होता है जब उनके पडे हुए बच्चे भले ही बड़ी ऊंचाइयों पर ना पहुंच पाए परंतु सभी बच्चों का अपने शिक्षकों के प्रति आज भी उतना ही संबंध बरकरार रहे। जितना छात्र विद्यालय के दिन में होता था छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल सके। सरकार के द्वारा प्रदेश के हर स्कूल में शिक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष धवल मॉडल,रामकिशोर बिसेन, जीतू राजपूत, अनिल पिपरेवार, विवेक जुझार,गुड्डू सोनी,शैलेन्द्र पटेल,राजा अली,जावेद अली,हरि क्षिरसागर,अनीश बेग,चिंटू जैन,प्रमेन्द्र हेडाऊ,जग्गी सरदार,सुशील शर्मा, गौरव चापूकर,सोनू पटले, रितिक गौतम, सरोज गौतम,गुरु भुंजाडे,दमन राहंगडाले,उज्वल गौतम, अतुल पटले,अरविंद राहंगडाले, लालू पटले, कुलदीप गौतम,रॉकी जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्राम सावरी में धार्मिक, सामाजिक एकता की एक अनूठी पहल-प्रदीप जायसवाल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम सावरी में नंदी पोले का आयोजन किया गया। नंदी पोले में बच्चों के द्वारा तरह तरह से मनोहारी स्वरूप में सजाया गया। सैकड़ो प्रतिभागियो में इतनी मनोहारी थी की साक्षात भोले बाबा का दरबार सी प्रतीत हुयी। जिसमें सर्वश्रेष्ठ पांच प्रतियोगीयो को नंदी पोला उत्सव में क्रमश पांच पुरस्कार मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के हस्ते प्रदान किये गये। नंदी पोला उत्सव में हजारो की संख्या में ग्रामीणजनो ने शामिल होकर हर बोला हर हर महादेव के जयघोष भी संगीत के कार्यक्रम में जमकर लगाये। प्रथम पुरस्कार वाले नंदी महाराज की झांकी में डबल स्टोरी में सबसे उपर महादेव नीचे नंदी महाराज और शिवलिंग पर जल का अभिषेक की प्रस्तुति ने अतिथियो सहित आश्रमो के महाराज तक को प्रसन्नचित कर दिया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के द्वारा लगभग दो सौ से अधिक सभी प्रतियोगियों के साथ पांचों सफल



प्रतियोगियों को भी व्यक्तिगत रूप से नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की हमारे कृषि कार्य में सहयोग करने वाले पशुधन का हम सम्मान व सहयोग के लिये कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे है। हम नयी पीढि को संस्कृति व सभ्यता से परिचय भी करा रहे है। स्वंय वे पिछले १८ सालो से सावरी ग्राम के इस कार्यक्रम में प्रमुखता से शामिल हो रहे है। सावरी के धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम एक पहचान की तरह स्थापित हो गये है। इसी पहचान, एकता से क्षेत्र में विकास की नयी ईबारत भी लिखी गयी है। आज निकट के महाराष्ट्र राज्य की तर्ज पर कई कलाकारो के द्वारा झडपी की प्रस्तुति ने भी सभी को प्रभावित किया है। नंदी पोला उत्सव में प्रथम पांच विजेता आहन योगेश चित्रिव, रेहांश आशीष पथरे, लावन्य संतोष सवालाखे, प्रतिक दूर्गाप्रसाद लिल्हारे ,ओम गौरीशंकर बनोटे को आकर्षक गिफट व नगद राशि के साथ प्रदान किया गया। इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, बाबा धर्मदास उदासीन, ज्ञानीराम महात्यागी, दिपीका रूस्तम दमाहे, मोहनलाल बनोटे,अशोक लिल्हारे, जगराम दमाहे, पुष्पलता लिल्हारे, रूस्तम दमाहे, राजकुमार लिल्हारे, राजकुमार बनोटे, दाउद मंसूरी, शिवप्रसाद सोनवाने सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक समाज का दर्पण होता है-प्रदीप जायसवाल

## भाजपा कार्यालय में शिक्षक दिवस का हुआ आयोजन





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर में स्थित भाजपा कार्यालय में ५ सितंबर को शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ,सेवानिवृत्त शिक्षक वाय एस पवार, आर के लटारे ,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रदीप शरणागत, नपाध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ,जनपद अध्यक्ष श्रीमती माया उइके सहित अन्य गणमान्य लोगों की प्रमुख उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र के करीब एक सैकड़ा से अधिक शिक्षक व सेवानिवृत्ति शिक्षकों का प्रदीप जायसवाल के हस्ते तिलक वंदन कर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं शिक्षकों के द्वारा प्रदीप जायसवाल को यशस्वी भव का आशीर्वाद दिया गया। वहीं पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल और उनके पिता सदैव दीनदुखी की मदद के लिए आगे आते रहे हैं। प्रतिवर्ष शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। जिसमें आज भी वह अपने शिक्षकों एवं क्षेत्र के सेवानिवृत शिक्षकों सहित कार्यरत शिक्षकों को प्रतिवर्ष सम्मान देते हैं जो सराहनीय कार्य है। जिस उम्र में हम आज खड़े हैं वहां हमारे पास पाने के लिए कुछ नहीं है। खोने के लिए सब कुछ और हमने अपना पूरा जीवन समाज को दिया है। अब इस आयु में इस प्रकार का यदि सम्मान मिलता है तो हमें लगता है कि हमने जीवन में कुछ अच्छा किया है साथ ही अन्य बातें कही गई। इस अवसर गणमान्य नागरिक सहित सेवानिवृत शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### शिक्षकों का वर्चस्व खत्म, शिक्षक आदर्श स्थापित नहीं कर पा रहे- वाय एस पवार

सेवानिवृत शिक्षक वाय एस पवार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में हम जो देख रहे हैं तो काफी पीड़ा होती है। और लगता है कि शिक्षकों का वर्चस्व खत्म हो रहा है क्योंकि वह आदर्श स्थापित नहीं कर पा रहे हैं। अभी मैं एक स्कूल के कार्यक्रम में गया वहां ऐसी अनुशासनहीनता मुझे देखने मिला बहुत दुख हुआ। जबकि मैं भी बहुत समय तक प्रिंसिपल रहा शिक्षक रहा परंतु हमने कभी ऐसा करने नहीं दिया। जब प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक नहीं सुनते बच्चे नहीं सुनते यह बहुत पीड़ा दायक है। जब ऐसी स्थिति बनी है तो आपको उन्हें छोड़कर अपने आप पर आत्म मंथन करना पड़ेगा। क्योंकि कुछ नियम होते हैं जिसका पालन करने के बाद ही आप एक आदर्श स्थापित कर पाओगे। अभी छुट्टी के बाद हमारे घर के सामने से बच्चों का रैला जाता है इतनी उद्दंडता है उनमें कि डर लगता है।

### आने वाली पीढ़ी को संदेश मिले कि गुरु का जीवन में कितना महत्व होता है

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस मनाने के पीछे हमारा उद्देश्य होता है कि आने वाली पीढ़ी को संदेश मिले की गुरु जीवन में कितना महत्व रखता है। शिक्षक चाहे तो किसी को कुछ भी बना सकता है इसलिए शिक्षकों का आशीर्वाद जरूरी है। क्योंकि यह जो पद है वह सेवा का पद है और यही शिक्षक है जो सकारात्मक सोच व दिशा अपने शिष्यों को प्रदान करता है। जिससे देश और समाज आगे बढ़ रहा है समाज और देश को बनाने वाले शिक्षक है इन्हीं पर निर्भर है कि देश व समाज कैसा बनेगा शिक्षक कभी भी साधारण नहीं होता है। श्री जायसवाल ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा के स्तर में कमी आई है। जिसका कारण आधुनिक समय में मोबाइल का उपयोग एवं चरित्र का मजबूत नही होना ,पहले फिल्मों एवं धारावाहिक कार्यक्रमों के माध्यम से रिश्ते मान सम्मान परिवार आचरण चाल चरित्र को दर्शाया जाता था। और उसे समय हर प्रकार की फिल्म और धारावाहिक निर्माण के पीछे शीर्षक रहता था। परंतु आज क्या बना रहे हैं खुद नहीं पता मनोरंजन के नाम पर युवाओं का दिमाग खराब कर रहा है और दूसरा पहले जैसे शिक्षकों का चरित्र भी अब मजबूत नहीं रहा।

# बाबा रामदेव का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वारासिवनी लालबर्रा मार्ग पर स्थित रामदेव बाबा मंदिर में ४ सितंबर से जारी दो दिवसीय श्रीकृष्णावतार बाबा रामदेव जन्मोत्सव समारोह का ५ सितंबर को हवन पूजन व महाप्रसादी वितरण के साथ समापन किया गया। यह कार्यक्रम रामदेव बाबा भक्त मंडल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा रामदेव का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें ४ सितंबर की रात्रि ७.३० बजे बाबा



की महाआरती पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें राजनांदगांव से पहुंचे भजन प्रवाहक आकाश शर्मा ,अभिषेक तंवर ,राहुल शर्मा के द्वारा शानदार संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी गयी। वहीं ५ सितंबर को प्रात: बाबा का श्रृंगार कर रामदेव बाबा की मूर्ति का अभिषेक किया गया एवं दोपहर १२ बजे पं.के द्वारा हवन पूजन संपन्न करवाया गया। जिसमें सैकड़ो भक्तजनों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित किये। तत्पश्चात आरती कर महाप्रसादी वितरण किया गया। मंडल सदस्य संतोष चौहान ने बताया कि श्रीकृष्णावतार बाबा रामदेव का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया है जिसमें विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। यह दो दिवसीय कार्यक्रम किया गया जिसमें पहले दिन भजन संध्या की गई व अगले दिन सुबह श्रृंगार, अभिषेक, हवन पूजन व महाप्रसादी वितरण के साथ जन्मोत्सव का समापन किया गया।

# पुलिस थाना रामपायली में शांति समिति की बैठक आयोजित

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। रामपायली पुलिस थाना में गुरूवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बैठक का नेतृत्व निरीक्षक चंद्रजीत यादव के द्वारा किया गया। जिन्होंने नगर एवं क्षेत्र से पहुंचे उपस्थित जनों से अपराध और अपराधों की रोकथाम के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा कर सदैव अपराधों पर लगाम लगाने पर बल दिया। निरीक्षक चंद्रजीत यादव ने कहा कि नगर क्षेत्र में सदैव शांति व्यवस्था बनी रहे आगामी गणेश उत्सव ईद



मिलादुन्नबी अनेक वर्गों के त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से सानंद संपन्न हो। इस हेतु आमजनों एवं पुलिस बल का विशेष सराहनी योगदान होना चाहिए। डीजे वालों को हिदायत देते हुए बताया कि धिमेश्वर में वे अपने डीजे का उपयोग कर पाएंगे अन्यथा पुलिस शक्ति से डीजे साउंड को बंद करवा देंगी। क्योंकि इसके नकारात्मक कारण आम जनजीवन पर पड़ रहे हैं जिससे जनहानि कहीं भी किसी भी प्रकार की बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृशणन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह का शुभारंभ स्कूल संचालक निरंजन बिसेन के द्वारा माँ सरस्वती एवं डॉ. राधाकृष्णन एवं प्रतिक पुरूष स्वामी विवेकानंद के छाया-चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके माल्यार्पण कर किया गया। स्वंय सेविकाओं कु. किंजल बिसेन ग्रुप के द्वारा माँ सरस्वती की वंदना गायन के पश्चात् मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा बिसेन एवं स्कूल संचालक प्राचार्य निरंजन बिसेन के द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं का पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवकों सेविकाओं के अतिरिक्त स्कूल के अन्य छात्र छात्राओं ने गीत नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किये। वहीं छात्र संघ के द्वारा सर्वश्रेष्ठ शिक्षक राकेश कुमार मिश्रा को घोषित किया गया तथा स्कूल संचालक प्राचार्य निरंजन बिसेन एवं छात्र संघ पदाधिकारी इमरान शेख के द्वारा राकेश कुमार मिश्रा के सिर पर ताज पहनाया गया।

# कमला नेहरू स्कूल की छात्राओं ने शिक्षक शिक्षिकाओं का किया सम्मान

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ५ सितंबर को शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित जनों के द्वारा पूर्व राष्ट्रपति



डॉक्टर राधाकृष्णन एवं मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा शिक्षक दिवस क्यों मनाया जाता है और किस प्रकार यह प्रारंभ हुआ। इसके बारे में जानकारी देते हुए आदर्श विद्यार्थी बनने और जीवन में उच्चतम मापदंडों का उपयोग करने की समझाइए देते हुए बेहतर भविष्य निर्माण की जानकारी दी गई। इसके बाद छात्राओं के द्वारा श्रीफल और रुमाल भेंटकर शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान नृत्य गीत एवं भाषण सहित अन्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं के द्वारा अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाये छात्राएं मौजूद रहे।

# बलात्कार के लिए सजा-ए-मौत

हरेक जघन्य यौन अपराध के बाद सजा-ए-मौत का शोर उठना और अध्यादेश जारी करके या विधेयक पारित करके इसे मान लेना, काफी आम हो गया है। दिल्ली में एक महिला से वहशियाना बलात्कार के बाद 2013 में आपराधिक कानूनों में बदलाव किया गया। उसके बाद, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश समेत कई राज्यों ने यौन हमले के लिए बढ़ी हुई सजा की खातिर संशोधन किये। मंगलवार को, पश्चिम बंगाल विधानसभा ने सर्वसम्मति से, ध्वनिमत से, “अपराजिता महिला और बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, 2024” पारित किया। इससे पहले कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में 9 अगस्त को एक डॉक्टर के साथ बलात्कार व हत्या की घटना हुई, जिसे लेकर इंसाफ की मांग लगातार गूंज रही थी। यह विधेयक नयी दंड संहिता, भारतीय न्याय संहिता, की संबंधित धाराओं में संशोधन के जरिए बलात्कार के लिए सजा-ए-मौत या उम्रकैद का प्रावधान करता है। दरअसल, पांच अपराधों के लिए मौत की सजा का प्रावधान किया गया है — बलात्कार; पुलिस अधिकारी या लोक सेवक द्वारा बलात्कार; बलात्कार जिसके चलते मौत हो जाए या पीड़िता स्थायी कोमा में चली जाए; सामूहिक बलात्कार; और जुर्म दोहराने पर। यह विधेयक ऐसे अपराधों के समयबद्ध तरीके से विचारण (ट्रायल) के लिए विशेष अदालतों का प्रावधान करने की खातिर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में, और प्रवेशन (पेनेट्रेटिव) यौन हमले और इसके गंभीर रूपों के मामलों में सजा-ए-मौत का प्रावधान करने के लिए 'यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, 2012' में संशोधन करता है। राज्य के संशोधनों को राष्ट्रपति की सहमति की जरूरत होगी।

इस बात के बहुत कम सबूत हैं कि मौत की सजा देने से यौन अपराध थम जाते हैं, लेकिन ऐसे अपराधों के बाद ज्यादा कठोर कानूनों की मांग पर अक्सर एक आधिकारिक प्रतिक्रिया होती है। यह कहकर कि “बलात्कार मानवता के लिए अभिशाप है और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक सुधारों की जरूरत है,” खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस विधेयक की जरूरत पर सवालिया निशान लगा दिया है जो सामाजिक सोच में बदलाव की कोशिश से ज्यादा कानूनी दंड पर भरोसा करता है। न्यायमूर्ति जे.एस. वर्मा कमेटी ने कहा था कि वह विरल से विरल मामलों में भी बलात्कार के लिए सजा-ए-मौत की सिफारिश करने की इच्छुक नहीं है, जिसके लिए उसने तर्क दिया कि “सजा-ए-मौत की मांग करना सजा देने और सुधारने के क्षेत्र में एक प्रतिगामी कदम होगा।” हालांकि बाद में, 12 साल से छोटी लड़कियों के बलात्कार और 18 साल से छोटी लड़कियों के सामूहिक बलात्कार के मामले में मौत की सजा को शामिल किया गया; लेकिन महिलाएं खुद को ज्यादा सुरक्षित महसूस कर पाने से कोसों दूर हैं। यह भी दुखद है कि बंगाल में हुई नृशंस मौत केंद्र और राज्य के बीच एक राजनीतिक प्रतियोगिता बन गयी है। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी हर सरकार की है कि कानून प्रभावी ढंग से लागू किये जाएं और यौन हमलों को रोकने व दंडित करने के लिए पुलिस बिना पक्षपात के काम करे। अगर महिलाओं के लिए पहले घरों व कार्यस्थलों को महफूज बनाकर उनके आगे बढ़ने की राह से अवरोध हटाये जाएं, तो इंसाफ और अच्छे से दिया जा सकेगा।

# अमेरिकी स्वपन का अंत निकट तो नहीं

अमेरिका विश्व के लगभग समस्त देशों पर अपनी चौधराहट सफलतापूर्वक लागू करता रहा है। पूरे विश्व में, एक तरह से लगभग समस्त क्षेत्रों में, विभिन्न प्रकार की नीतियों को प्रभावित करने में अमेरिका सफल रहा है एवं इस प्रकार अपनी प्रसारवादी नीतियों को भी लागू करता रहा है। परंतु, हाल ही के वर्षों में अमेरिका की आंतरिक स्थिति, लगभग समस्त क्षेत्रों यथा आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आदि, में लगातार बिगड़ती जा रही है। अमेरिका सहित विकसित देशों की, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में, आंतरिक स्थिति को देखते हुए अब तो पश्चिमी सभ्यता पर ही प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं। अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में आर्थिक विपन्नता एवं परिवार तथा समाज के खंड खंड होने के बाद पश्चिमी सभ्यता को पतित सभ्यता कहा जाने लगा है और इसे अब अमेरिकी स्वपन के अंत की शुरुआत भी माना जाने लगा है। अमेरिका में तो राष्ट्रीय ऋण 35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है जबकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था का आकार, सकल घरेलू उत्पाद के आधार पर, लगभग 25 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इसका आशय यह है कि आय की तुलना में ऋण अधिक ले लिया गया है। अमेरिकी वित्त व्यवस्था पर दबाव इतना अधिक बढ़ गया है कि अमेरिकी सरकार को अपने सामान्य खर्चों को चलाने के लिए भी बाजार से और अधिक ऋण लेने की आवश्यकता पड़ती है और इस उद्देश्य से प्रति वर्ष अमेरिकी संसद में स्वीकृति प्राप्त करने हेतु पहुंचना होता है। यह स्थिति है विश्व के सबसे अधिक शक्तिशाली देश अमेरिका की।

वर्ष 1776 में जब पूंजीवाद के जनक कहे जाने वाले एडम स्मिथ ने अपनी कृति “द वेल्थ आफ नेशनस” नामक किताब जारी की थी उस समय पूंजीवाद अपने शैशावस्था में ही था। उनका महत्वपूर्ण मुख्य सिद्धांत था कि व्यवसायी, जो अपनी लाभप्रदता को अधिकतम करना चाहते हैं, वे अपने व्यवसाय को बहुत ही कुशलता के साथ चलाना चाहते हैं। इस तरह ये व्यवसायी न केवल अपने आप को धनाडय बनाएंगे बल्कि वह देश इन धनाडयों के संसाधनों को जोड़कर स्वयं भी एक धनी देश बन जाएगा। पूरी 19वीं शताब्दी एवं 20वीं शताब्दी में अमेरिका इसी सिद्धांत पर कार्य करता रहा है एवं अपने देश में धनाडयों की संख्या में अपार वृद्धि करता रहा है। इससे अमेरिकी नागरिकों में व्यक्तिवाद पनपा एवं वे परिवार एवं समाज के भले को भूलकर केवल अपने बारे में ही सोचने लगे एवं अपने व्यापार को पूरे विश्व में फैलाने लगे। इससे अमेरिका में गरीबों की संख्या में लगातार वृद्धि होती रही।

अमेरिका की 1940 के दशक में पूरे विश्व के विनिर्माण क्षेत्र में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी हो गई थी, परंतु अब यह घटकर 17 प्रतिशत से भी कम हो गई है। कई उद्योगों के मामले में उत्पादन का जो एकाधिकार अमेरिका के पास होता था वह एकाधिकार अब अन्य देशों के पास चला गया है। अमेरिकी कम्पनियों ने कुशल कर्मचारियों को आकर्षित करने के उद्देश्य से कर्मचारियों के स्वास्थ्य खर्चे की पूरी लागत स्वयं वहन करना प्रारम्भ किया था। अमेरिका में श्रम लागत भी बहुत अधिक बढ़ चुकी थी, अन्य देशों में श्रमिक, अमेरिकी श्रम लागत की तुलना में, आधी से भी कम राशि में ही काम करने को तैयार हो रहे थे। इस बीच अमेरिकी सरकार ने आय कर की दरें भी बढ़ाकर 35 प्रतिशत से अधिक कर दी थीं। जबकि अन्य देशों में आय कर की दरें 20/25 प्रतिशत थीं। इससे अमेरिका में विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत बढ़ने लगी। अतः धीरे धीरे अमेरिका में विनिर्माण इकाईयां बंद होने लगीं। वर्ष 1979 में अमेरिका में 20 प्रतिशत श्रमिक विनिर्माण इकाईयों में कार्यरत थे अब यह संख्या घटकर 10 प्रतिशत से भी कम हो गई है। अमेरिका में 2 करोड़ कर्मचारी विनिर्माण इकाईयों में कार्य कर रहे थे जो घटकर 1 करोड़ 20 लाख हो गए हैं। अमेरिका में जब प्रथम राष्ट्रपति ने शपथ ली थी उस समय 10 श्रमिकों में से 9 श्रमिक कृषि क्षेत्र में कार्यरत थे (छोटे कृषक) जबकि आज केवल 2 प्रतिशत श्रमिक ही कृषि क्षेत्र में कार्य करते हैं। इस प्रकार अमेरिका में रोजगार की दृष्टि से कृषि एवं उद्योग क्षेत्र में बहुत अधिक संकुचन हुआ है।

1950 के दशक से लेकर अमेरिका में स्टील उद्योग, कपड़ा उद्योग (वस्त्र, परिधान एवं टेक्सटाइल), उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग लगभग समाप्त से हो गए हैं। वाहन उद्योग के क्षेत्र की बड़ी बड़ी कम्पनियों ने अपनी विनिर्माण इकाईयां चीन आदि देशों में स्थापित की हैं। साथ ही, जापान की कई कम्पनियों ने वाहन के क्षेत्र में अमेरिका में आकर अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की है। इस प्रकार, कुल मिलाकर उक्त उद्योगों में अमेरिकी मूल के नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बहुत कम हो गए हैं अथवा बिलकुल ही समाप्त हो गए हैं। अमेरिका में उपयोग हो रहे स्मार्ट सेल फोन के 50 प्रतिशत से अधिक उपकरण आयात किए जा रहे हैं एवं इनका उत्पादन अमेरिका में नहीं हो रहा है।

ब्यूरो आफ लेबर स्टेटिस्टिक्स - मासिक लेबर रिव्यू दिसम्बर 2016 के अनुसार, अमेरिका में प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर - वर्ष 1947 में 5.35 अमेरिकी डॉलर थी जो वर्ष 1973 में बढ़कर 9.26 अमेरिकी डॉलर हो गई। परंतु, उसके बाद से लगभग उसी स्तर पर बनी हुई है जो वर्ष 2015 में 9.07 अमेरिकी डॉलर थी। वर्ष 1947 से 1973 के बीच प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर 73 प्रतिशत से बढ़ी थी जबकि इसी दौरान उत्पादकता में 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वहीं वर्ष 1973 से 2015 के बीच प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर 3 प्रतिशत कम हुई है और उत्पादकता 109 प्रतिशत बढ़ी है। इस बीच रोजगार के नए अधिकतम अवसर उच्च मजदूरी वाले क्षेत्रों से घटकर कम मजदूरी वाले क्षेत्रों में बढ़े हैं। जैसे विनिर्माण इकाईयों के बंद होने से भारी संख्या में श्रमिक वर्ग को सेवा क्षेत्र में कम मजदूरी के रोजगार स्वीकार करने पड़े हैं। वर्ष 1979 के बाद से 40 प्रतिशत से अधिक रोजगार के अवसर विनिर्माण क्षेत्र में कम हुए हैं। साथ ही, तकनीकी विकास ने भी उत्पादकता तो बढ़ाई है परंतु मजदूरी की दरें नहीं बढ़ पाई हैं।

अमेरिका में समय के साथ साथ विनिर्माण इकाईयां बंद होती गईं एवं उच्च तकनीकी, सूचना आधारित सेवा क्षेत्र में, सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र में, रोजगार के अधिक अवसर उभरते गए। अब तो बहिस्त्रोतन (आउट्सॉर्सिंग) के चलते सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसरों पर विपरीत प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है। अतः अमेरिका में आने वाले समय में विनिर्माण इकाईयों के साथ साथ सेवा क्षेत्र में भी रोजगार के अवसरों में कमी आ सकती है।

उक्त कारणों के चलते अमेरिका में गरीबी की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। गरीबी के चलते इस वर्ग के बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पाती है, यह वर्ग बहुत ही तंग हालत में रहता है एवं अंततः सामाजिक अपराधी गतिविधियों में संलग्न हो जाता है। इनके मकानों में बहुत कम सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। अमेरिका में गरीबी रेखा का निर्धारण अमेरिका के कृषि विभाग द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है। वर्ष 2015 में गरीबी आंकलन के लिए प्रत्येक चार व्यक्तियों के परिवार के लिए प्रतिवर्ष 24,300 अमेरिकी डॉलर की आय तय की गई थी। इससे कम आय वाले परिवार गरीबी रेखा के नीचे माने जाते हैं। आय की उक्त गणना के आधार पर अमेरिका में 13.5 प्रतिशत परिवार (4.31 करोड़ अमेरिकी नागरिक) गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे थे।

गरीब वर्ग के नागरिकों के आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने के चलते अमेरिका में 22 लाख अमेरिकी गरीब नागरिक जेलों में बंद थे एवं 50 लाख गरीब नागरिक पैरोल अथवा परीक्षण पर थे एवं अन्य 10 लाख नागरिक जो जेलों से छूट गए थे, वे न तो पेरोल पर थे और न ही परीक्षण पर थे, परंतु वे कभी भी पुनः जेलों में भेजे जा सकते हैं।

आपराधिक गतिविधियों में लिप्त नागरिकों के अतिरिक्त 20 लाख से 30 लाख नागरिक ऐसे भी हैं जिनके पास रहने के लिए अपना घर नहीं है जिन्हें यहां “होमलेस” कहा जाता है। 50 लाख अमेरिकी नागरिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं एवं 80 लाख नागरिक सामाजिक सुरक्षा एवं विकलांग योजना का लाभ ले रहे हैं।

एक अनुमान के अनुसार, अमेरिका में तीन से साढ़े तीन करोड़ नागरिक स्थायी निम्नवर्ग की श्रेणी में आते हैं, जो अमेरिका की कुल 32.5 करोड़ जनसंख्या का 10 प्रतिशत है। प्रत्येक 5 अमेरिकी बच्चों में से एक बच्चा गरीब वर्ग का है। इतना अधिक खर्च करने के बाद भी अमेरिका में सामाजिक सहायता व्यवस्था अन्य अमीर एवं विकसित देशों की तुलना में कमतर ही मानी जाती है। करोड़ों अमेरिकी नागरिकों को प्राथमिक केयर डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध नहीं है। यदि यह सुविधा उपलब्ध भी है तो चार में से केवल एक नागरिक को ही डॉक्टर से उसी दिन का मिलने का समय मिल पाता है।

अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में इस प्रकार के हालात देख कर अब तो कई अर्थशास्त्रियों द्वारा आर्थिक विकास के पूंजीवादी मॉडल पर ही प्रश्नचिन्ह लगाया जाने लगा है एवं यह कहा जा रहा है कि कहीं अमेरिकी स्वपन का अंत निकट तो नहीं है।

**- प्रहलाद सबनानी (सेवा निवृत उप महाप्रबंधक)**

# बुलडोजर नीति विरुद्ध न्यायिक पहल

बुलडोजर नीति से सुराज मंडित सरकारों के भ्रम पर आखिरकार शीर्ष न्यायालय का अंकुश लग गया। जस्टिसद्वय वी आर गवई व के वी विश्वनाथन की बेंच ने स्पष्ट किया कि दोषियों को उनके निकेत से वंचित नहीं किया जा सकता। इस प्रकार एक स्वस्थ लोकतंत्र में अपराध के मर्म और प्रकृति को जाने बिना मनमाने ढंग से किसी व्यक्ति के संपूर्ण परिवार को उसकी छाया से बेदखल कर असुरक्षित जीवन जीने के लिए विवश नहीं किया जा सकता।

दरअसल अपराध का मार्ग सत्ता के आचरण से उत्पन्न होता है। जब आम आदमी को भरण पोषण के सतही विकल्पों से वंचित कर वीआईपी संस्कृति वाली अपराध की दुनिया में लिप्त लोगों को आदर्श बताते हुए सुनहरे सपने दिखाए जाते हैं तो अपराध कैसे रुकेंगे। ऐसा करने के पीछे अडानी अंबानी जैसे लोगों को उपकृत करना है जो सत्ता प्राप्त की वित्तपोषक है। अवांछित विज्ञापन चलचित्र धर्म प्रदर्शन, भीड़ तंत्र और मीडिया इसकी हवि है जो अपराध तंत्र की पनाहगार है, जो लोगों के धैर्य और विवेक का क्षरण करते हुए निरपराध और अपराध के अंतर को पाटते है जिसे हम भागलपुर कांड में पुलिस और बिलकिस बानो के दोषियों के महिमा मंडन में देख सकते हैं देश में पुलिस प्रशासन और अपराधियों की मिलीभगत चहुंओर बयान हो रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के बुलडोजर न्याय की कथित लोकप्रियता का प्रभाव राजस्थान,असम, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश की सरकारों पर पड़ा।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनाव के मद्देनजर खरगोन मेंअप्रैल 2022 में हुए सांप्रदायिक झड़पों के बाद बुलडोजर नीति का दुरूपयोग किया। उनकी सरकार ने 16 घर और 29 ढाँचे ध्वस्त कर दिए। स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि जब उद्देश्य शुभ न हो तो ज्ञान पाप हो जाता है। इसकी बानगी हम देख ही रहे हैं। लेकिन

मध्यप्रदेश के इतिहास में एक दौर ऐसा भी रहा है जब बुलडोजर नीति का सदुपयोग सार्वजनिक विकास के लिए किया गया। इन सबसे पहले मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के कार्यकाल वर्ष 1990-92 में नगरीय प्रशासन मंत्री बाबूलाल गौर को समर्पित है। नए भोपाल के बुनियादी ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में उन्हें बुलडोजर मैन के रूप में याद किया जाता है। उस दौरान गौर ने राज्य में सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते भोपाल, इंदौर और मध्य प्रदेश के अन्य शहरी इलाकों में अभियान शुरू किए गए। सुलभ यातायात के लिए उन्होंने भोपाल की प्रसिद्ध वीआईपी रोड सहित भारत टॉकीज के आसपास के क्षेत्र में बांधा बनी इमारतों को ध्वस्त किया और स्थानीय निवासियों और राजनीतिक नेताओं के कड़े विरोध के बावजूद रेलवे स्टेशन पर यातायात व्यवस्था बहाल की।

आपराधिक मामलों पर नकेल कसने के उद्देश्य से दंड प्रक्रिया शिनाख्त सदन में पारित हो चुका है जिसमें अपराधियों के जैविक और शारीरिक नमूने लिए जा सकेंगे। देखना है कि हांगकांग की तरह सरकार अपने दोष छुपाने के लिए कानून का दुरुपयोग करती है या सुशासन लाने की दिशा में अपराध प्रवृत्ति के निर्मूलन में इसका उपयोग।

**- राकेश कुमार वर्मा**

# जद(यू) को संजीवनी देगी बीजेपी

बिहार में जद( यू) अगले विधानसभा चुनाव तक पुरी मजबूती से टिके रहेगी इसका कारण यह है की बिहार का राजनीति समीकरण ऐसा है कि वहाँ मुख्य रूप से तीन पार्टी है जो इस प्रकार है बीजेपी, आरजेडी व जद (यू) जब भी कोई दो पार्टी मिलती है तभी सरकार बनती है वहाँ का जातियों का समीकरण ही कुछ इसी तरह का है बीच में लोजपा भी है और जो दो गुटों में है वो भी इधर मजबूत हो रही है और खासकर लोजपा (रामविलास) के प्रमुख केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जो किसी का भी खेल बिगाड़ सकती है क्योंकि वहाँ जीत का मार्जिन बहुत ही कम वोटो के अंतर से होता है और बीजेपी 2015 के विधानसभा में अपने कुछ छोटी छोटी सहयोगी पार्टियों के सहारे केवल 55सीट पर सिमट गई थी और जद (यू) व आरजेडी को 71 व 80सीट मिले थे बिहार के मुख्यमंत्री को इतनी आसानी से समझना किसी के बस की बात नहीं है यदि कहीं वो फिर से पाला बदलेंगे तो बीजेपी अपने दम पर सरकार नहीं बना सकती है क्योंकि आज भी मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का अच्छा जनाधार है एक बार जब जद (यू) व आरजेडी का गठबंधन बना था तो मैं रिक्शा से रिक्शावाला से पूछा कि क्या भाई आप किस को वोट दे रहें हैं कहा देना तो था लालूजी को लेकिन जब गठबंधन बना है तो जद (यू) को ही सब मिलकर वोट करेंगे अतः जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के रूप में हैं तो ऐसे में बीजेपी कोई भी रिस्क लेना नहीं चाहेगी वहाँ अभी भी बाहुबली का राज है तभी तो लोकसभा में जेल से पेरोल पर चुनाव में बुलाया गया और बीजेपी भी जद (यू) को तोड़ने का कोई प्रयास नहीं करेगी क्योंकि अगर उसे तोड़ दी तो उसी का नुकसान हो सकता है क्योंकि बाहुबली सब आरजेडी या निर्दलीय चुनाव लड़ कर एक अच्छा वोट बैंक ला सकती है नीतीश कुमार पाला बदलने में माहिर हैं इसलिए इन सब बदलाव पर कुछ बोल नहीं रहें है लेकिन पर्दे के पीछे उन्हें भी पार्टी के बारे में मालूम हो रहा होगा चूंकि केंद्र में बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं है और सरकार एनडीए की है अतः कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहेगी क्योंकि श्री नीतीश कुमार जब सारा विपक्ष को एक कर दी थी ऐ सही बात है कि इंडिया गठबंधन के लोगों ने उन्हें भाव नहीं दिया और पाला बदलकर पुनः एनडीए में शामिल हो गए नीतीश कुमार को जब लगा कहीं जद(यू) में टूट होकर कहीं पीएम के चक्कर में सीएम की कुर्सी भी तेजस्वी को ना चला जाए तो प्रधानमंत्री मोदीजी के पास अन्य लोगों के माध्यम से लोकसभा चुनाव हेतु लगा कि जद (यू) की सीट आरजेडी और कॉंग्रेस व अन्य के साथ गठबंधन से 4 से 5 सीट से ज्यादा नहीं मिलेगा और ऐसे में जद(यू) का वजूद ना खत्म हो जाए तभी बीजेपी को भी लगा अकेले अधिक सीट मिलना मुश्किल है तो एनडीए में जद(यू) प्रधान मंत्री श्री मोदीजी के कहने पर ही शामिल हो गई और उसे सम्मानजनक सीट मिला और आरजेडी देखते रह गई और एनडीए ने चिराग और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को मिलकर चुनाव लड़े और बिहार के 35 सीट में से एनडीए को बिहार में 40 सांसदों के चुनाव में । बीजेपी, 17, जद (यू), 16, .एलजेपी, 6 हम 1सीट, आरएलएम यानि एन डी ए ने कुल 40 सीट पर उम्मीदवार उतारा और जिसमें से बीजेपी, 12 जद (यू), 12, .एलजेपी, 5 और हम 1सीट यानि कुल 30 सीट झटक लिए जिसमें जद यू को 16 में से 12सीट मिला कुछ सीटों पर बहुत टफ फाइट था कुछ मुस्लिम बाहुल्य इलाका है जहाँ जद (यू) सीट लेती है अतः नीतीश कुमार जब तक हैं पार्टी आराम से चलेगी क्योंकि बीजेपी में स्व सुशील मोदी जैसा कोई चेहरा नहीं जो सीट ले सके और जनाधार नीतीश कुमार जैसा नहीं है जंगलराज से बिहार को बाहर लाने में जिस तरह



नीतीश कुमार ने बिहार को निकाला है वैसे में जद(यू) के अस्तित्व पर फिलहाल कोई खतरा नहीं दिख रहा है अब जब पुल के बारे में एनडीए में बीजेपी कुछ नहीं बोलती है तो उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ के सी त्यागी को भी सोच समझ कर बोलना चाहिए खासकर उससमय जब चुनाव परिणाम के बाद सब की धड़कन रुकी थी तभी उनका बयान आता है कि श्री नीतीश कुमार को पीएम पद का ऑफर मिला था और तभी तेजस्वी यादव उसका मज़ाक उड़ाते नजर आते हैं ऐसे में पार्टी के अंदर लगता है अनर्थ हो रहा है अब जब श्री ललन सिंह जद यू के कैबिनेट मंत्री बन गए और विपक्ष का संसद में मुँह बन्द कर देते हैं वैसा तालमेल की कमी पार्टी को लगी होगी और फिर अग्निवीर और जातीय जनगणना पर बेवजह बोलने लगते हैं तो विरोधाभास होने लगता है जंगल त्याग खत्म तो बिहार से लगभग खत्म हो गया लेकिन बाहुबली का दबदबा अभी भी बिहार में है ऐसे में बीजेपी टिकट देकर अपनी छवि खराब नहीं करना चाहेगी और बिहार में जब ढेरों परियोजना का एनडीए द्वारा शुभारम्भ हुआ है तो सत्ता भी नहीं जाने देगी और जद(यू) को संजीवनी देकर एनडीए सरकार को बनाए रखना चाहेगी ताकि बिहार में इन्वेस्टमेंट हो और रोजगार मिल सके।बिहार में जद( यू) अगले विधानसभा चुनाव तक पुरी मजबूती से टिके रहेगी इसका कारण यह है की बिहार का राजनीति समीकरण ऐसा है कि वहाँ मुख्य रूप से तीन पार्टी है जो इस प्रकार है बीजेपी, आरजेडी व जद (यू) जब भी कोई दो पार्टी मिलती है तभी सरकार बनती है वहाँ का जातियों का समीकरण ही कुछ इसी तरह का है बीच में लोजपा भी है और जो दो गुटों में है वो भी इधर मजबूत हो रही है और खासकर लोजपा (रामविलास) के प्रमुख केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जो किसी का भी खेल बिगाड़ सकती है क्योंकि वहाँ जीत का मार्जिन बहुत ही कम वोटो के अंतर से होता है और बीजेपी 2015 के विधानसभा में अपने कुछ छोटी छोटी सहयोगी पार्टियों के सहारे केवल 55सीट पर सिमट गई थी और जद (यू) व आरजेडी को 71 व 80सीट मिले थे बिहार के मुख्यमंत्री को इतनी आसानी से समझना किसी के बस की बात नहीं है यदि कहीं वो फिर से पाला बदलेंगे तो बीजेपी अपने दम पर सरकार नहीं बना सकती है क्योंकि आज भी मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का अच्छा जनाधार है एक बार जब जद (यू) व आरजेडी का गठबंधन बना था तो मैं रिक्शा से रिक्शावाला से पूछा कि क्या भाई आप किस को वोट दे रहें हैं कहा देना तो था लालूजी को लेकिन जब गठबंधन बना है तो जद (यू) को ही सब मिलकर वोट करेंगे अतः जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के रूप में हैं तो ऐसे में बीजेपी कोई भी रिस्क लेना नहीं चाहेगी वहाँ अभी भी बाहुबली का राज है तभी तो लोकसभा में जेल से पेरोल पर चुनाव में बुलाया गया और बीजेपी भी जद (यू) को तोड़ने का कोई प्रयास नहीं करेगी क्योंकि अगर उसे तोड़ दी तो उसी का नुकसान हो सकता है क्योंकि बाहुबली सब आरजेडी या निर्दलीय चुनाव लड़ कर एक अच्छा वोट बैंक ला सकती है नीतीश कुमार पाला बदलने में माहिर हैं इसलिए इन सब बदलाव पर कुछ बोल नहीं रहें है लेकिन पर्दे के पीछे उन्हें भी पार्टी के बारे में मालूम हो रहा होगा चूंकि केंद्र में बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं है और सरकार एनडीए की है अतः कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहेगी क्योंकि श्री नीतीश कुमार जब सारा विपक्ष को एक कर दी थी ऐ सही बात है कि इंडिया गठबंधन के लोगों ने उन्हें भाव नहीं दिया और पाला बदलकर पुनः एनडीए में शामिल हो गए नीतीश कुमार को जब लगा कहीं जद(यू) में टूट होकर कहीं पीएम के चक्कर में सीएम की कुर्सी भी तेजस्वी को ना चला जाए तो प्रधानमंत्री मोदीजी के पास अन्य लोगों के माध्यम से लोकसभा चुनाव हेतु लगा कि जद (यू) की सीट आरजेडी और कॉंग्रेस व अन्य के साथ गठबंधन से 4 से 5 सीट से ज्यादा नहीं मिलेगा और ऐसे में जद(यू) का वजूद ना खत्म हो जाए तभी बीजेपी को भी लगा अकेले अधिक सीट मिलना मुश्किल है तो एनडीए में जद(यू) प्रधान मंत्री श्री मोदीजी के कहने पर ही शामिल हो गई और उसे सम्मानजनक सीट मिला और आरजेडी देखते रह गई और एनडीए ने चिराग और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को मिलकर चुनाव लड़े और बिहार के 35 सीट में से एनडीए को बिहार में 40 सांसदों के चुनाव में । बीजेपी, 17, जद (यू), 16, .एलजेपी, 6 हम 1सीट,आरएलएम यानि एन डी ए ने कुल 40 सीट पर उम्मीदवार उतारा और जिसमें से बीजेपी, 12 जद (यू), 12, .एलजेपी, 5 और हम 1सीट यानि कुल 30 सीट झटक लिए जिसमें जद यू को 16 में से 12सीट मिला कुछ सीटों पर बहुत टफ फाइट था कुछ मुस्लिम बाहुल्य इलाका है जहाँ जद (यू) सीट लेती है अतः नीतीश कुमार जब तक हैं पार्टी आराम से चलेगी क्योंकि बीजेपी में स्व सुशील मोदी जैसा कोई चेहरा नहीं जो सीट ले सके और जनाधार नीतीश कुमार जैसा नहीं है जंगलराज से बिहार को बाहर लाने में जिस तरह नीतीश कुमार ने बिहार को निकाला है वैसे में जद(यू) के अस्तित्व पर फिलहाल कोई खतरा नहीं दिख रहा है अब जब पुल के बारे में एनडीए में बीजेपी कुछ नहीं बोलती है तो उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ के सी त्यागी को भी सोच समझ कर बोलना चाहिए खासकर उससमय जब चुनाव परिणाम के बाद सब की धड़कन रुकी थी तभी उनका बयान आता है कि श्री नीतीश कुमार को पीएम पद का ऑफर मिला था और तभी तेजस्वी यादव उसका मज़ाक उड़ाते नजर आते हैं ऐसे में पार्टी के अंदर लगता है अनर्थ हो रहा है अब जब श्री ललन सिंह जद यू के कैबिनेट मंत्री बन गए और विपक्ष का संसद में मुँह बन्द कर देते हैं वैसा तालमेल की कमी पार्टी को लगी होगी और फिर अग्निवीर और जातीय जनगणना पर बेवजह बोलने लगते हैं तो विरोधाभास होने लगता है जंगल त्याग खत्म तो बिहार से लगभग खत्म हो गया लेकिन बाहुबली का दबदबा अभी भी बिहार में है ऐसे में बीजेपी टिकट देकर अपनी छवि खराब नहीं करना चाहेगी और बिहार में जब ढेरों परियोजना का एनडीए द्वारा शुभारम्भ हुआ है तो सत्ता भी नहीं जाने देगी और जद(यू) को संजीवनी देकर एनडीए सरकार को बनाए रखना चाहेगी ताकि बिहार में इन्वेस्टमेंट हो और रोजगार मिल सके और श्री लालू यादव का दबदबा खत्म हो क्योंकि चुनाव में प्रधानमंत्री को अभद्र भाषा का ऐसा इस्तेमाल हुआ कि मोदी का परिवार लगाना पड़ा।

**- संजय गोस्वामी**

# जिले में भर मे ंमनाया गया शिक्षक दिवसः विविध आयोजन हुये

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिले में पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती गुरुवार को पूरे जिले में शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से बनायी गयी। इस अवसर पर शहर के सभी स्कूल, कॉलेज और शिक्षण संस्थानों में विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके वयक्तित्व को याद किया। आपको बता दे की भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक प्रख्यात शिक्षाविद् ,महान दार्शनिक, हिंदू विचारक और भारतीय संस्कृति के संवाहक थे डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म चेन्नई से 40 किलोमीटर दूर तमिलनाडु में आंध्र प्रदेश से सटे स्थान तिरुत्तनी नाम के एक गांव में 5 सितंबर को सन 1888 में हुआ था और उन्हीं के जन्म दिवस पर 5



सितंबर को भारत में शिक्षा दिवस के रूप में टीचर्स डे मनाया जाता है इसी क्रम में गुरुवार को जिले सहित ग्रामीण अंचलों में भी शासकीय और अशासकीय संस्थाओं में बच्चों और बड़ों द्वारा धूमधाम के साथ स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर शिक्षक दिवस मनाया गया, जहां शहर के उत्कृष्ट विद्यालय में भी बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस मनाते हुए अपने गुरुजनों का सम्मान कर उन्हें तिलक लगाकर शिक्षक दिवस मनाया गया एवं अंत में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई और कार्यक्रम समाप्त किया गया।

### शिक्षक छात्र-छात्राओं के जीवन का मूल आधार होते हैं - प्रियांशी पटले

उत्कृष्ट स्कूल की छात्रा प्रियांशी पटले बताती हैं कि आज उनके उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षक दिवस पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया है और यह दिवस डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की स्मृति में मनाया जाता है एवं उन्हें सम्मान दिया जाता है और आज उन्होंने अपने सभी शिक्षकों को शाल-श्रीफल देकर उनका सम्मान किया है और गुरु वंदना के साथ उन्होंने शिक्षक दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया अंत में कुछ बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रस्तुति भी मंच के माध्यम से दी है और उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्र-छात्राओं के जीवन का मूल आधार होते हैं जो उन्हें प्राथमिक शिक्षा दीक्षा के साथ अच्छे मार्ग पर चलना सीखाते हैं जिससे छात्र-छात्रा अपने उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़ते हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी रही शिक्षक दिवस की धूम

शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन मनाते हुए शासकीय, अशासकीय संस्थाओं में शिक्षक दिवस मनाया गया जहां सुबह से ही नन्हे मुन्ने बच्चे सज सवरकर अपने हाथों में उपहार लिए स्कूलों की ओर जाते दिखाई दिए जहां उन्होंने अपने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए उपहार आदि दिए और शिक्षकों के बताएं मार्ग पर चलने की बात कही।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहझरी में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया सम्मान

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्रान्तर्गत भानेगांव जन शिक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहझरी में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। जनशिक्षा केंद्र में वर्ष 2023-24 में सेवानिवृत शिक्षकों का साल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। जिसमें एम एल खोब्रागढ़े, प्रमोद वासनिक, राजाराम लिल्हारे ,देवलाल मिसारे, पूरनलाल अवसरे, श्रीमती सैवन्ता सोनवाने को सम्मानित किया गया। जन शिक्षा केंद्र स्तर पर कक्षा पांचवी व आठवीं में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। जिसमें साईराम बञ्जारखेड़े कु. मीनाक्षी कालबेले, कु. कृतिका ठाकरे, कक्षा आठवीं में प्रतिज्ञा नागेश्वर, कु. मिनाक्षी कालबेले को सम्मानित किया गया साथ ही जन शिक्षा केंद्र के स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच शिक्षक एवं दो प्रधान अध्यापकों को सम्मानित किया गया।। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य महेंद्र अवसरे,जनशिक्षक नोहेश भटेरे एवं मदनलाल ताण्डेकर समस्त शालेय परिवार एवं जन शिक्षा केंद्र के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा । कार्यक्रम में विशेष रूप से अध्यक्ष श्रीमती मनीषा संतोष नाकतोडे सरपंच ग्राम पंचायत मोहझरी, श्रीमती सुनीता ऋषिराज अवसरे उपाध्यक्ष ,अमृतलाल ठाकरे, युवराज टेभरे बीएसी ,अरुण भीमटे बीएसी,जनपद शिक्षा केंद्र लांजी एवं सी के वैध उपस्थित रहे।। कार्यक्रम का सफल संचालन गिरीश पारधी माध्यमिक शिक्षक द्वारा किया गया।

## बिसोनी में मनाया गया डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में संचालित संस्था पाली एकेडमिक प्रशिक्षण महाविद्यालय बिसोनी में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की छायाप्रति के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण कर किया गया। जिसमें संस्था प्रमुख श्रीमति वंदना वैद्य, प्राचार्य टी.एस. बिहोने समस्त प्राध्यापकगण व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। इस दिन का उद्देश्य शिक्षको के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना हैं। यह दिन शिक्षकों के समर्पण और उनकी मेहनत की सराहने का अवसर होता हैं। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्म दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रगट करने के लिए भारत भर में शिक्षक दिवस 5 सितम्बर को मनाया जाता हैं। गुरु-



शिष्य परम्परा भारत की संस्कृति का एक अहम व पवित्र हिस्सा हैं। इस अवसर पर बीएससी बी एड प्रणाली एवं समूह के द्वारा सरस्वती वंदना, अंजली के द्वारा स्वागत गीत, आरती भोण्डेकर ने कविता, मुस्कान और दुर्गेश चिखले के द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। इसी तारतम्य में विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षकों के लिए मनोरंजक खेल करवाया गया जिसका भरपुर आनंद शिक्षकों ने लिया। प्राचार्य टी. एस. बिहोने द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ राधाकृष्णन जी से जुड़ी हुई घटनाएँ आज के परिवेश में शिक्षकों की महत्ता व विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ आज के परिवेश में वस्तुस्थिति का विस्तृत विचार साझा किये। कार्यक्रम के अंत में बीएससी बीएड एवं डीएलएड. के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपने शिक्षकों को श्रीफल व शॉल भेंट कर सम्मानीत किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों सी. एस. मेश्राम एवं समस्त प्राध्यापकगणों का सराहनीय योगदान रहा।

## पानीटोला आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

उकवा (पद्मेश न्यूज)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उकवा वार्ड नंबर 12 पानी टोला आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम हुए इस मौके पर



गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एचबी टेस्ट के अलावा एनीमिया व उत्तम पोषण के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया। इसी के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र पानी टोला में टीकाकरण किया गया एवं आधार ई केवाईसी व समग्र ई केवाईसी ग्रामीण जनों की की गई। पोषण माह सप्ताह कार्यक्रम में उपस्थित मॉनिटर डब्लूएचओ कपिल कावरे एएम रेखा मर्सकोले समाजसेविका ऊषा गिरे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिवबती हरपाल मोबेलाइजर मधुनंद,शशिकला कडकाडे आंगनवाड़ी सहायिका यशुला खुडसाम,व अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रिनीत खांगर श्यामा डोंगरे शांता पार्टी निर्मला राउत हन्ना हनुमान व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

पोषण माह सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत आज आंगनवाड़ी केन्द्र पानी टोला में टीकाकरण किया जा रहा है शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को जो बच्चे टीका लगाने से छूट गए थे उन्हे वैक्सीनेशन लगाया जा रहा है एवं साथ ही टीकाकरण की जानकारी भी दी जा रही है।

**एएम श्रीमती रेखा मर्सकोले**

पोषण माह सप्ताह में गर्भवती धात्री महिलाओं को पोषण के बारे में शिक्षा दे रहे हैं एवं आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों का टीकाकरण हो रहा है एवं एक दिन के लिए शिविर लगाकर आधार ई केवाईसी समग्र ई केवाईसी की जा रही है।

**आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिवबती हरपाल**

## दुगलटोला में शिक्षक दिवस मनाया गया

उकवा (पद्मेश न्यूज)। स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति होने का गौरव प्राप्त किया एक शिक्षक के पद पर कार्यरत रहते हुए देश के सर्वोच्च गौरव राष्ट्रपति पद पर पहुंचने वाले देश के प्रथम शिक्षक डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का 136 वां जन्म दिवस उकवा एवं क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया उकवा सोशल कम्युनिटी द्वारा प्राथमिक शाला दुगलटोला में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के छायाचित्र पर मालिया



अर्पण कर पूजा अर्चना की गई सभी छात्र-छात्राओं एवं पालकों द्वारा फूल अर्पित किए गए इसके पश्चात विद्यालय की हिमांशी मराठे स्वाती यादव मेघा बावने रितिका मरकाम द्वारा वंदना का गायन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिलीप मरकाम तथा अध्यक्षता हरि कुमार गोलेंद्र द्वारा की गई अतिथियों का स्वागत पालकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया कार्यक्रम में गजेंद्र यादव संदीप यादव उम्मेदलाल तुरकर आदि द्वारा शिक्षक दिवस तथा पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जीवन चरित्र पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक उम्मेदलाल लिल्हारे शिक्षिका देवीलाल पारधी तथा रसोइया के पद पर कार्यरत श्रीमती वीणा बाई फूलबांधे का शाल , श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ द्वारा हार्दिक अभिनंदन किया गया कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद राउत हरि कुमार गोलेंद्र रविशंकर यादव श्रीमती मौसमी मराठे उर्मिला पंचभावे विष्णु रोकड़े आदि पालक उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कम्युनिटी के दिलीप मरकाम फिरोज आलम विजय सहारे आशीष चौहान अरमान खान गजेंद्र यादव संदीप यादव रोशन बागडे आदि द्वारा अथक एवं सफल प्रयास किए गए कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार साकुरे द्वारा किया गया।

## नगर परिषद ने सेवानिवृत्त शिक्षकों और पेंशनर्स को किया सम्मानित

कटंगी। (पद्मेश न्यूज)। भारत के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक, और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 05 सितंबर को समूचे भारत में शिक्षक दिवस मनाया गया. इस मौके पर कटंगी शहर के सामुदायिक भवन में नगर परिषद की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षकों और पेंशनर्स के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य के.एल.भगत ने की. विधायक गौरव सिंह पारधी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. सेवानिवृत्त शिक्षक एस.एल.पटेरिया, डी.सी.चौधरी, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष एन.पी.शेण्डे, एच.आर.देशमुख, टीकाराम बिसेन, डी.के.बिसेन, आलम राहंगडाले, रामचंद्र तुरकर, डी.आर.पटले, मेष कुमार देशमुख, भोजराज देशमुख विशेष अतिथि रहे. कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन किया गया. सुश्री सुनीता वर्मा और श्रीमती पार्वती सेन ने सरस्वती वंदना और अतिथि गीत की प्रस्तुति दी. तत्पश्चात विधायक गौरव सिंह पारधी और आयोजक नगर परिषद अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और पेंशनर्स का शाल-श्रीफल से सम्मान किया. विधायक ने कहा कि इस समारोह में शामिल सभी वरिष्ठजनों से उम्मीद की जाती है कि वह समाज के उत्थान, क्षेत्र के विकास में अपना मार्गदर्शन प्रदान करें. आप सभी के जीवन के लंबे अनुभव का लाभ और मार्गदर्शन कटंगी क्षेत्र को मिलना चाहिए, विधायक ने भरोसा दिया है कि पुनः सभी



सेवानिवृत्त शिक्षकों और पेंशनर्स के साथ बैठक की जाएगी और क्षेत्र का विकास किस तरह से किया जा सकता है इस पर सुझाव लिए जाएंगे।

नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि यह बेहद गर्व की बात है कि आज शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर परिषद उन सभी सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित कर रही है. जिन्होंने हमारी जिंदगी को सही दिशा और राह दी. जिनकी मेहनत, समर्पण और शिक्षण की कला ने हम सभी को सिखाया कि कैसे अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाएं और समाज में अपनी जगह बनाएं. सेवानिवृत्त शिक्षक जी.आर.पटले ने अंग्रेजी के शब्द टीचर और स्टूडेंट के एक-एक शब्द के महत्व को विस्तार से समझाया. वहीं अन्य रिटायर कर्मचारियों ने भी मंच से अपनी बात रखी।

### शैक्षणिक संस्थाओं में हुआ आयोजन

विकासखंड कटंगी की सभी शासकीय और प्राइवेट शैक्षणिक संस्थाओं में भी शिक्षक दिवस बेहद उत्साह पूर्वक मनाया गया. विद्यार्थियों ने अपने पसंदीदा शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भेंट कर उनसे आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त किया. शिक्षक दिवस पर, स्कूलों से लेकर कॉलेजों में खास कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को सराहा गया. शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता दिखाने के लिए कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि शिक्षक दिवस की शुरुआत 5 सितंबर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर हुई. जब डॉ. राधाकृष्णान 1962 में भारत के राष्ट्रपति बने, तो उनके छात्र इस दिन को विशेष रूप से मनाने की इजाजत चाहते थे. इसके बजाय, डॉ. राधाकृष्णन ने सुझाव दिया कि इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए, ताकि समाज में शिक्षकों के योगदान की सराहना की जा सके. नगर के शक्ति विद्या मंदिर डी.एल.एड कॉलेज में भी शिक्षक दिवस मनाया गया. इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सभापति श्रीमती केसर बिसेन शामिल हुए, जिन्होंने शिक्षक दिवस पर अपने विचार रखें।

## विराट सबसे ज्यादा टैक्स भरने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कमाई के मामले जितने आगे हैं। उतने ही आयकर भरने को लेकर भी हैं। विराट कोहली, महेन्द्र सिंह धोनी और सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेटर सबसे ज्यादा टैक्स भरने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 66 करोड़ का टैक्स भरा है। विराट कोहली सबसे ज्यादा टैक्स भरने वाले खिलाड़ी हैं। उनके बाद महेन्द्र सिंह धोनी, सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली और हार्दिक पांड्या जैसे क्रिकेटर हैं। धोनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में विराट कोहली के बाद सबसे अधिक 38 करोड़ का टैक्स भरा है। वहीं तेंदुलकर ने 28 करोड़, गांगुली ने 23 करोड़ और हार्दिक पांड्या ने 13 करोड़ का टैक्स भरा है। इस सूची में ऋषभ पंत 10 करोड़ के टैक्स के साथ 6ठे स्थान पर हैं। हैरानी की बात ये है कि इस सूची में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा शामिल नहीं हैं।

## आरटीएम नियम को सही नहीं मानते अश्विन

चेन्नई। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि 2025 आईपीएल सत्र के लिए होने वाली मेगा नीलामी में आरटीएम ( राइट टू मैच) नियम नहीं अपनाया जाना चाहिये। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में बीसीसीआई मुख्यालय में आईपीएल 2025 के लिए आरटीएम नियम को फिर से लागू करने पर बात हुई थी।

ये एक ऐसा नियम है जिसमें टीमें पिछले सत्र में शामिल खिलाड़ी को अगले सत्र में भी शामिल कर सकती हैं। ये नियम पहली बार 2014 में लागू किया गया था पर 2018 के बाद से ही आईपीएल नीलामी में इसका प्रयोग रोक दिया गया था। इस नीयम के तहत अगर किसी फ्रेंचाइजी टीम का खिलाड़ी नीलामी में उतर रहा है, तो उसकी बोली पूरी हो जाने के बाद उस फ्रेंचाइजी टीम के पास अधिकार होता है कि बोली लगी हुई रकम पर वो उस खिलाड़ी को वापस अपनी टीम में रख ले।



अश्विन का कहना है कि वर्तमान स्वरुप में ये नियम स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अश्विन ने कहा, अगर किसी फ्रैंचाइजी ने किसी खिलाड़ी को इसलिए रिलीज कर दिया है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह उनके टॉप चार या पांच में नहीं है, तो उन्हें नीलामी के दौरान इसमें शामिल होने का क्या अधिकार है? आप खिलाड़ी को विकल्प देते हैं, पूछते हैं कि क्या वह सही मैच में खेलना चाहता है। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों के बीच एक अनुबंध होना चाहिए, जिसमें कहा जाए कि उसे आरटीएम किया जा सकता है, केवल तभी जब कीमत एक्स राशि हो और उस पूर्व-निर्धारित राशि को खिलाड़ी द्वारा तय किया जाना चाहिए। यह पहला अवसर नहीं है जब अश्विन ने इस नियम के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। इससे पहले भी उन्होंने दावा किया था कि इससे अधिक अधिक बेकार कोई नियम नहीं है।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान पर फिसला पाक

दुबई । बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली 2-0 की करारी हार के साथ ही पाकिस्तान को दोहरा झटका लगा है। इसी के साथ ही पाक टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान पर फिसल गयी है। इस प्रकार पाक टीम और उसकी रेटिंग 1965 के बाद पहली बार अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंची है। पाक टीम को पहले टेस्ट मैच में 10 विकेट से जबकि दूसरे मैच में छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इसी को लेकर आईसीसी ने कहा, "पाकिस्तान आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में 76 रेटिंग अंक लेकर दो स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गयी है।" प्राप्त जानकारी के अनुसार पाक टीम , सीरीज से पहले छठे स्थान पर थी पर लगातार हार के कारण वह नीचे आठवें स्थान पर फिसल गयी।" वहीं बांग्लादेश 13 रेटिंग अंक लेकर नौवें स्थान पर पहुंच गयी है। सीरीज में 2-0 से जीत से हालांकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में उसको फायदा हुआ है और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

## हेड के तूफान से ऑस्ट्रेलिया ने 9.4 ओवर में ही स्कॉटलैंड को हराकर बनाया विश्व रिकार्ड

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले में 7 विकेट से जीत के साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक नया रिकार्ड बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में पावरप्ले में ही 36 गेंदों पर 113 रन बना दिये। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 से आगे हो गयी है। इस मैच में 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शुरुआती 10 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। ट्रेविस हेड के 80 और मिचेल मार्श के 39 रनों की आक्रामक पारी से ऑस्ट्रेलिया ने केवल 9.4 ओवर में तीन विकेट पर 156 रन बना लिए। इस प्रकार उसने सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। हेड ने 17 गेंदों पर 8 चौके और 3 छक्के लगाये।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर स्कॉटलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया।




स्कॉटलैंड की टीम ने 9 विकेट पर 154 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुनसे ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाये जबकि मैथ्यू क्रॉस ने 27 रनों की पारी खेली। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से शीन एबॉट ने 3 विकेट जबकि जेवियर बार्टलेट और एजम जाम्पा ने 2-2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने तूफानी शुरुआत करते हुए 6 ओवर में ही 113 रन बना दिये। इससे पहले पावरप्ले में साल 2023 में दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 102 रन बनाए थे। वहीं तीसरे स्थान पर वेस्टइंडीज की टीम रही। उसने साल 2021 में श्रीलंका के खिलाफ पावरप्ले में 98 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज हेड ने केवल 17 गेंदों पर 8 चौके और 3 छक्के लगाकर अर्धशतक बनाया।

## लॉस एंजिल्स पैरालंपिक खेलों में इससे भी ज्यादा पदक जीतेंगे सुहास यतिराज

नई दिल्ली। पेरिस पैरालंपिक में दूसरा रजत पदक हासिल करने से उत्साहित बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यतिराज ने कहा है कि भारतीय दल का लक्ष्य 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में और भी बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमने पिछले टोक्यो ओलंपिक से अधिक पदक जीते हैं। वैसा ही हम अगली बार भी करेंगे।



सुहास ने कहा, हमने टोक्यो में 19 पदक जीते थे और इस बार 20 पदक जीत लिए हैं। उम्मीद है कि हम पांच और पदक जीतेंगे। हमारा हमेशा से लक्ष्य रहा है कि हम पिछले रिकॉर्ड से बेहतर करें, जैसे हमने पेरिस में टोक्यो का रिकॉर्ड तोड़ा, वैसे ही लॉस एंजिल्स में पेरिस का रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य रहेगा। मुझे उम्मीद है कि इस सफलता को देखकर पैरालंपिक खेलों के प्रति हमारे युवाओं में जागरूकता और बढ़ेगी। इन 20 पदकों में से भारतीय पैरा-बैडमिंटन टीम ने पांच पदक जीते हैं, जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं।

सुहास के साथ, थुलासिमथि मुरुगेसन ने भी रजत पदक जीता और वह भी अपनी सफलता से खुश हैं। थुलासिमथि ने कहा, बहुत अच्छा लग रहा है और मैं अपने पहले पैरालंपिक में पदक जीतने पर बहुत गर्व महसूस कर रही हूं। यह मेरा सपना था जो पदक जीतने से और भी खास हो गया। सुहास और मुरुगेसन सहित स्वदेश लौटी बैडमिंटन टीम का खेलमंत्री ने सम्मान किया जिससे भी इन खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा हुआ है।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल तीन मैचों की सीरीज वाला होना चाहिये - लियोन

ऑकलैंड। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने कहा है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में एक से अधिक मैच होने चाहिये। लियोन के अनुसार केवल एक मैच के फाइनल से ही बेहतर परिणाम नहीं मिल सकता। इसलिए फाइनल तीन मैचों की सीरीज वाला होना चाहिये। इस क्रिकेटर ने माना है कि ये आईसीसी के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम रखना आसान नहीं होगा। लियोन ने डब्ल्यूटीसी के दो-वर्षीय प्रारूप को भी बेहतर बताया, इसको लेकर उनका कहना है कि यह अन्य क्रिकेट प्रतियोगिताओं से अलग है क्योंकि इसमें टीमों को लंबे समय तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होता है। लियोन ने कहा, यह टूर्नामेंट का खेल नहीं है। आप केवल सेमीफाइनल में पहुंचकर दो गेम हारकर या कुछ और करके नहीं रह सकते। आपको चक्र के दो वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

उन्होंने कहा, एक चीज जो मैं देखना चाहता हूं, वह यह कि मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल संभावित रूप से तीन मैचों की सीरीज में देखना चाहता हूं। यह थोड़ा बेहतर हो सकता है क्योंकि आप संभावित रूप से एक सत्र में टेस्ट मैच का उपयोग करके हार सकते हैं, जहां तीन मैचों की सीरीज में टीमों को अपना दबदबा दिखाने और 3-0 से जीतने का मौका दे सकता है। वैसे भी हमारे पास समय की कमी है और यह एक चुनौती होगी, लेकिन यह एक चीज है जिसे मैं बदलना चाहूंगा।

उन्होंने कहा, आप संभावित रूप से इंग्लैंड में एक, भारत में एक, ऑस्ट्रेलिया में एक खेल सकते हैं, इसलिए आपके पास सभी अलग-अलग स्थितियां हैं, लेकिन जाहिर है इसका समय सब कुछ बदल देता है। मुझे नहीं लगता कि हम अगस्त के मध्य में एमसीजी पर उतरेंगे, बस इसे वहां रख रहे हैं।

लियोन ने जोर देकर कहा कि डब्ल्यूटीसी प्रारूप व्यक्तिगत श्रृंखलाओं में डेड रबर की संभावना को दूर करता है, यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण और प्रतिस्पर्धी बना रहे, जिसमें दो साल के चक्र के भीतर प्रत्येक अंक का महत्व हो।

इस क्रिकेटर ने कहा, ओह, हां। मैं बस इतना कहूंगा कि यह (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) टेस्ट क्रिकेट का शिखर है। लोग कहते हैं कि कभी-कभी जब आप तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे हो जाते हैं या जो भी हो, यह एक बेजान रबर होता है पर मुझे लगता है कि अब कोई बेजान रबर नहीं है। लियोन ने डब्ल्यूटीसी को टेस्ट क्रिकेट का विश्व कप बताया है जिससे लिए टीमों को काफी मैच खेलने पड़ते हैं।

